www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई -पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-342 | सागवाड़ा, गुरुवार, 1 सितम्बर, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# भोई समाज के 41 पदयात्रियों का दल अम्बाजी के लिए रवाना

## रथ के साथ 121 फिट की ध्वजा लेकर निकले पदयात्री

**सागवाड़ा।** गुजरात के प्रसिद्ध अम्बाजी शक्तिपीठ दर्शन के लिए गुरुवार को भोई समाज सागवाड़ा से 41 पदयात्रियों का दल रवाना हुआ। पदयात्री रामेश्वर महादेव मंदिर से माताजी का रथ सजाकर जयकारे लगाते हुए हाथ मे 121 फिट की ध्वजा के साथ रवाना हुए। रथ में माताजी की प्रतिमा को विराजित कर मनोहारी झांकी सजाई व भक्ति गीतों के साथ जयकारे लगाते हुए पदयात्री चल रहे थे। समाज के मनोज भोई ने बताया कि यह पांचवी पदयात्रा है। पदयात्रियों में पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल है व व्यवस्था के लिए एक बस सामान लेकर पदयात्रियों के साथ चलेगी। पदयात्री अम्बाजी शक्ति पीठ पहुचकर दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करेंगें।

पदयात्रा में अनिल भोई, कुणाल भोई, भावेश भोई, रवि भोई, अजय भोई, रोहित भोई, संजय भोई, सुनिल भोई, करण भोई व हरीश भोई सहित कई पदयात्री शामिल है।



# सड़कों की दशा को लेकर बोले CM गहलोत- एक्सईएन तो ठेकेदार के पार्टनर बन जाते हैं

## सीएम अशोक गहलोत ने प्रदेश की खराब सड़कों को लेकर पीडब्ल्यूडी के अफसर और इंजीनियर्स को खरी-खरी सुनाई

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आजकल कई एक्सईएन तो ठेकेदार के पार्टनर बन जाते हैं। ठेकेदार फिर क्वालिटी से समझौता करता है और बिजनेस पार्टनर से रिश्ते भी निभाता है। इस कारण से सड़कों की क्वालिटी इतनी खराब बन जाती है कि छह महीने में ही टूट जाती हैं। समय के साथ बहुत बदलाव आया है, करप्शन बहुत बढ़ गया है। कई इंजीनियर, ठेकेदारों के पार्टनर बन जाते हैं, अफसर बिजनेस-पार्टनर से रिश्ते निभाते हैं।

गुरुवार को प्रदेश में 3324 करोड़ की लागत से बनी 113 सड़कों का शिलान्यास व लोकार्पण का कार्यक्रम था। इस दौरान गहलोत ने प्रदेश की खराब सड़कों और क्वालिटी को लेकर अफसरों की क्लास लगा दी। इस लाइव समारोह में वे बोले कि सब कुछ मंजूर है, लेकिन सड़कों की क्वालिटी से समझौता मंजूर नहीं होगा। हम सड़कों को बनाने के बाद थर्ड पार्टी जांच भी करवा रहे



हैं। सड़कों की क्वालिटी चीफ इंजीनियर पर निर्भर है। आपके यहां आजादी के बाद से जो सिस्टम बना हुआ है, वह सिस्टम है। आप ठेकेदारों को दो टूक कह दीजिए कि क्वालिटी से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मैं दो टूक कहना चाहता हूं कि मैं नीचे वालों को जिम्मेदार नहीं मानूंगा, जिम्मेदारी चीफ इंजीनियर की है। जो गड़बड़ी करते हैं उन्हें आप एपीओ करें, खिंचाई करें , कुछ भी करें, लेकिन सड़कों की क्वालिटी से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा।

### सड़कों के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी ठेकेदार की, अफसरों की लापरवाही

गहलोत ने कहा कि ठेकेदार जब टेंडर लेता है तो उस सड़क की मेंटेनेंस की जिम्मेदारी उसकी होती है, एग्रीमेंट कर लिया, पाबंद कर दिया, बाद में आप उसे देखते ही नहीं हैं। ठेकेदार जानबूझकर उस सड़क को रिपेयर नहीं करता है और जनता तकलीफ पाती है। जनता में मैसेज गलत जाता है। हमारी लापरवाही से जनता तकलीफ पाती है। ठेकेदार को पाबंद किया हुआ है और टेंडर एग्रीमेंट में होता है कि सड़क की रिपेयर की जिम्मेदारी ठेकेदार की है, फिर मॉनिटरिंग का काम कौन करेगा। इसलिए अफसर अपने दिल से पूछकर काम करें कि वे पोस्ट पर बैठे हैं तो जनता की तकलीफ का ध्यान रखें।

# केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने बेणेश्वर में यज्ञशाला के भूमि पूजन में लिया भाग

**आसपर।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत गुरुवार को डूंगरपुर जिले के आसपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने बेणेश्वर धाम पर राधा-कृष्ण मंदिर की स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत 1008 कुण्डीय यज्ञशाला की भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। वही मीडिया से रूबरू होते हुए केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा की राज्य सरकार को जालोर में दलित छात्र की हत्या मामले की सीबीआई जांच करवानी चाहिए।

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत बेणेश्वर धाम पर यज्ञशाला के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आज अपने एक दिवसीय दौरे पर डूंगरपुर जिले के आसपुर पहुंचे। आसपुर पहुँचने पर आसपुर से भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा सहित अन्य भाजपा नेताओं व राजपूत समाज के लोगो ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने आसपुर के प्रताप चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इधर इस दौरान मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मीडिया से रूबरू होते हुए जालोर में दलित छात्र की हत्या की घटना की निंदा की और कहा की राज्य सरकार की पुरे मामले की सीबीआई जांच करवानी चाहिए। इधर इसके बाद केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आसपुर से बेणेश्वर धाम पहुंचे। जहा पर केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने बेणेश्वर में नवम्बर माह में होने वाले राधा कृष्ण मंदिर के स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत 1008 कुण्डीय यज्ञशाला की भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालविया, बांसवाडा-डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा और बेणेश्वर धाम के महंत अच्युतानंद महाराज भी मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री शेखावत के साथ अन्य अतिथियों ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञशाला का भूमि पूजन किया वही कार्यक्रम को लेकर ध्वजारोहण भी किया। इसके बाद एक सभा का भी आयोजन हुआ। इस दौरान अतिथियो ने नवम्बर माह में होने वाले महोत्सव को तन,मन और धन से सफल बनाने का आव्हान किया।

# सिलोही और दिवडा छोटा में चोरी की वारदात को लेकर ग्रामीणों में रोष

## आक्रोशित ग्रामीणों ने चितरी थाने पहुंचकर विरोध दर्ज कराया, थानाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ ही अवैध शराब के अड्डो को बंद करवाने की मांग की

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के चितरी थाना क्षेत्र में बुधवार रात को हुई चोरी की वारदातों के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को चितरी पुलिस थाने पहुंचकर विरोध दर्ज कराने के साथ थानाधिकारी को ज्ञापन देकर चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने, रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ ही अवैध शराब के अड्डो को बंद करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर बताया कि पुलिस थाना चितरी में विगत कुछ महीनों से चोरियों की घटना बढती जा रही है। वही एक दिन पहले चितरी थाना क्षेत्र के सिलोही व दिवडा छोटा के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं हुई है। जिसमे लाखो रुपयों की नगदी ओर जेवरातों की चोरी हुई थी । ग्रामीणों ने बताया की चोरी की वारदातों से क्षेत्र में



आमजन भयभीत है । वही ग्रामीणों ने बताया कि 10 महीनों पूर्व भी सिलोही के कृषको द्वारा सिचाई के लिए माही व मोरन नदियों पर लगाई गई मोटरों व केबलों की चोरिया हुई थी जिसकी शिकायत देने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई जिससे आमजन में पुलिस को लेकर आक्रोश है वही ग्रामीणों ने क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब के अड्डो को भी बंद करवाने की मांग रखी है । ग्रामीणों ने पुलिस से 15 दिन में वारदातों के खुलासा की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि खुलासा नही हुआ तो सड़क जाम कर आंदोलन किया जाएगा। सिलोही ,दिवडा छोटा ,उदैया से पधारे ग्रामीणों ने आकोश व्यक्त किया । इस अवसर पर ईश्वरलाल पाटीदार,रमण लाल पाटीदार उपसरपंच ,मुकेश मोर सरपंच ,ईश्वर लाल वार्ड पंच,मुकेश पंडया, केशवलाल, जितेंद्र ,राहुल ,जगदीश ,दिनेश पूर्व प. स.गलियाकोट, मोहनलाल पाटीदार विनोद पाटीदार दिनेश जयेश मनोज प्रियश रमेश हीरालाल पंड्या हिमांशु हरीश हीतेंद्र मगनलाल पंकज सहित ग्रामीणजन मौजद रहे।

# कड़ाणा भूमि के पंजीकृत दस्तावेज को निरस्त करने के लिए वाद दायर करने के निर्देश

## जिला कलेक्टर ने कडाणा विभाग को भेजा पत्र, फर्जी आदेश से रजिस्ट्री का मामला

**सागवाड़ा।** कडाणा विभाग की नेशनल हाइवे पर स्थित करोडो की भूमि की फर्जी आदेश से रजिस्ट्री होने के मामले में जिला कलेक्टर ने कडाणा विभाग को पत्र लिखकर पंजीकृत दस्तावेज को निरस्त करने के लिए वाद दायर करने के निर्देश दिए।

कडाणा विभाग के सहायक अभियंता आशुतोष पाटीदार ने बताया कि कडाणा विभाग की भूमि खसरा नंबर 850, 852, 853 व 854 का राजस्व विभाग के आदेश पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा नामान्तरण खोलकर रजिस्ट्री कर दी गई थी। इस मामले को लेकर जिला कलेक्टर से पंजीकृत दस्तावेज को निरस्त करने के लिए वाद दायर करने के निर्देश प्राप्त हुए है।

उल्लेखनीय है कि सागवाड़ा डूँगरपुर मार्ग पर मुख्य डाकघर के पास स्थित करोड़ो की जमीन का नामान्तरण खोलकर रजिस्ट्री कर देने का मामला सामने आया था और मामले में तहसीलदार, गिरदावर व पटवारी को निलंबित किया गया है। वही इस मामले में राजस्व विभाग के फर्जी आदेश को लेकर तहसीलदार द्वारा सागवाड़ा पुलिस थाने में मामला दर्ज करावाकर नामान्तरण निरस्त कर दिया गया था तथा इस पूरे मामले की जिला कलेक्टर द्वारा जांच भी की जा रही है। जानकारी के अनुसार भूमि कडाणा विभाग की होने से कडाणा विभाग द्वारा कार्यवाही करने पर ही रजिस्ट्री कोर्ट से ही निरस्त हो सकेगी। जिसे लेकर जिला कलेक्टर ने कडाणा विभाग को वाद दायर करने के निर्देश दिए है।

### कलेक्टर की ओर से लिखे गये पत्र में पूरे मामले की जानकारी दी गई

पत्र द्वारा अवगत कराया है कि जल संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 1975 में मौजा मडकोला के खसरा नंबर 850, 852, 853 एवं 854 की भूमि का मुआवजा देकर कब्जा कर दिया गया था । उक्त खसरों के संबंध में न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सागवाडा के प्रकरण संख्या 113/97 के निर्णय दिनांक 27.08.1999 एवं न्यायालय अपील अधिकारी डूंगरपुर के प्रकरण संख्या 51/99 के निर्णय 25 अप्रैल2004 को राजस्व मण्डल अजमेर में अपील डिकी संख्या 124/2000 निर्णय 07 फरवरी 2006 द्वारा निरस्त कर दिया । इसके बाद फातिमा एवं नजमा पुत्री उमर खां द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर मे एस.बी. सीविल रिट नं . 2097/2006 वाद प्रस्तुत किया गया जिसे माननीन उच्च न्यायालय द्वारा 15 नवंबर 2018 को दिये गये निर्णय में उक्त भूमि जल संसाधन विभाग के नाम एक कब्जे में बताकर निरस्त कर दिया गया ।

उक्त प्रकरण में इस कार्यालय के पत्रांक 1420-22 दिनांक 16 अगस्त 2022 द्वारा उपखण्ड अधिकारी सागवाडा को उक्त नामान्तरकरण निरस्त कर विभाग के नाम पुन: दर्ज किया था। साथ ही फातिमा एवं नजमा पुत्री उमर खां के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है

हरि सिंह पिता रामसिंह जाति राजपुत निवासी चौहान फला रामा तहसील आसपुर जिला डूंगरपुर के नाम से प्लॉट / खसरा न 0 1094/850 1096 / 853 852. 854 जारी विक्रय संख्या 20221404005789 दिनांक 10 अगस्त 2022 को जारी पंजीकृत दस्तावेज को निरस्त कराने न्यायालय में वाद दायर करने कार्यवाही करावें ।

# सड़क के किनारे मोटर साइकिल लेकर खड़े युवकों पर चढ़ा दी कार, एक की मौत

**सागवाडा।** डूंगरपुर मार्ग पर कार चालक ने सड़क के किनारे मोटर साइकिल लेकर खड़े युवकों पर चढ़ा दी। जिससे एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई तथा दूसरे का इलाज जारी है।

पुलिस निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह के अनुसार ठाकरडा धाणी निवासी हरिराम पुत्र नाथु रोत ने दी रिपोर्ट में बताया कि बुधवार दोपहर में मडकोला स्थित कटारा पेट्रोल पम्प के पास पुत्र राजेश रोत सड़क के साईड में खडा था। गांव का ही पप्पु उर्फ प्रितेश पुत्र पेमजी कटारा मोटर साईकिल लेकर आया और साईड में खड़ी कर दोनो बाते कर रहे थे। डूंगरपुर की तरफ से तेजगति से आती कार के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनो को गंभीर चोटे आई तथा घायल हो गए। उसी समय गांव के ही कचरू पुत्र वजा रोत तथा मनजी पुत्र खोमण रोत मोके ओर पहुंचे तथा दोनो को घायलावस्था में राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। दोनों घायलों के परिजनो को सूचना दी। चोट गंभीर होने के कारण राजेश रोत ( 18 ) की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी ।पप्पु उर्फ प्रितेश कटारा की तबियत खराब होने से इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए मोडासा लेकर चले गए। पुलिस को सूचना मिलने पर एस आई मणिलाल राजकीय चिकित्सालय पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। परिजनों से रिपोर्ट लेकर मृतक का गुरुवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया।

# बाइक ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार देवर की मौत, गंभीर घायल भाभी का चल रहा उपचार

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के माथुगामडा गाँव में एक बाइक को पीछे से अन्य बाईक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार देवर की मौत हो गई। जबकि भाभी गंभीर घायल हो गई। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। डूंगरपुर जिले के सदर थाने के थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया की कांकरादरा निवासी 55 वर्षीय जीवा पुत्र धना रोत अपनी भाभी पुष्पा को बैठाकर तपरना गाँव जा रहे थे। इस दौरान सदर थाना क्षेत्र के माथुगामडा गाँव के पास एक अन्य बाइक ने जीवा की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद अन्य बाइक सवार फरार हो गया। वही जीवा व उसकी भाभी पुष्पा के सिर पर चोट लगने से गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी सदर थाना पुलिस व 108 एम्बुलेंस को दी। सुचना पर एम्बुलेंस व पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में डूंगरपुर जिला अस्पताल पहंचाया। जहा पर गंभीर हालत होने के चलते उपचार के दौरान जीवा की मौत हो गई।

इधर पुलिस ने मृतक जीवा के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया और परिजनों को मामले की सुचना दी। सुचना पर मृतक के परिजन जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# शिक्षकों के तबादलों के विरोध में विद्यार्थियो ने कलेक्ट्रेट पर धरना देकर किया प्रदर्शन

## शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन देकर की तबादले निरस्त करने की मांग

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा ब्लाक के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल झिन्झवा के दो शिक्षको के तबादले होने के विरोध में स्कूल के विद्यार्थीयो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया। वही तबादले के विरोध में विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने कलेक्टर को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर दोनों शिक्षको के तबादले निरस्त करने व रिक्त पदों को भी भरने की मांग की है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा ब्लाक के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल झिन्झवा के दो शिक्षको का तबादले के विरोध में आज स्कूल के विद्यार्थी कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट पर विद्यार्थियों ने तबादलों के विरोध में धरना देकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यार्थियो ने बताया की राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल झिन्झवा में 6 शिक्षको के पद रिक्त चल रहे है। जिसमे जीव विज्ञान में एक, अंग्रेजी के दो, हिंदी, राजनैतिक विज्ञान और विज्ञान में एक-एक व्याख्याता का पद रिक्त चल रहा है। वही हाल में ही शिक्षा विभाग ने दो वरिष्ठ अध्यापक सुरेन्द्र वरहात और सतीश गमेती का भी तबादला कर दिया है।

जिसके चलते अब स्कूल में शिक्षको के 8 पद रिक्त हो गए है। इधर शिक्षको के पद रिक्त होने से स्कूल के विद्यार्थियो की पढ़ाई पहले से ही प्रभावित हो रही थी वही दो और शिक्षको के चले जाने से शिक्षण व्यवस्था और बिगड़ जायेगी। इस मौके पर राजनैतिक द्वेषता के चलते दोनों शिक्षको के तबादले होने के भी आरोप लगाए है।

# मेडिकल की दुकान से 25 हजार की नकदी चोरी, चोरों की वारदातें नही थम रही, व्यापारियों ने जताया रोष

**सीमलवाड़ा ।** सीमलवाड़ा कस्बे में पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। जिसके कारण चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बुधवार रात को फिर चोरी की वारदात हुई है। सरकारी अस्पताल के सामने स्थित रवि मेडिकल स्टोर की दुकान का ताला तोड़ बदमाश नगदी चूरा ले गए। स्टोर मालिक सीमलवाड़ा निवासी लाला भाई प्रजापत ने बताया कि हमेशा की तरह बुधवार शाम को दुकान पर ताला लगा कर घर गया था। गुरुवार सुबह सूचना मिली की दुकान का दरवाजा खुला हुआ है। मौके पर पहुंचने पर देखा तो बदमाशों द्वारा दरवाजे पर लगा ताला तोड़ दिया था एवं अंदर काउंटर में रखे 25 हजार रुपए बदमाश उड़ा ले गए हैं। उक्त राशि एक व्यापारी को देनी थी इसलिए दुकान में ही छोड़ रखी थी। बदमाशों ने दुकान में दवाइयों से कोई छेड़छाड़ नहीं की है। सरकारी अस्पताल होने से रात भर मरीजों, ग्रामीणों की आवाजाही लगी रहती है जिसके बावजूद चोरी की घटना ने पुलिस को चुनौती दी है। उसी प्रकार पीठ कस्बे में भी ललित पुत्र देवचंद कलाल के घर के बाहर स्थित केबिन के ताले तोड़ अज्ञात बदमाश ने कंगन स्टोर का सामान चुरा लिया है।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ का वादा खिलाफी आन्दोलन, सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर धरना देकर किया प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** जिले के ग्राम विकास अधिकारी संघ ने अपनी मांगो को लेकर वादाखिलाफी आन्दोलन नया नहीं न्याय चाहिए के तहत आज कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारियो ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। वही ग्राम विकास अधिकारी संघ ने सरकार से मांगो को लेकर हुए लिखित समझोतों को लागु करने की मांग की है। राज्य सरकार द्वारा ग्राम विकास अधिकारियो की मांगो पर लिखित समझोते के बाद भी मांगो को पूरा नहीं करने पर ग्राम विकास अधिकारी संघ का वादा खिलाफी आन्दोलन 'नया नहीं न्याय चाहिए' चल रहा है। इसी आन्दोलन के तहत ग्राम विकास अधिकारियो ने आज डूंगरपुर कलेक्ट्रेट के बाहर अपनी मांगो को लेकर धरना दिया वही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि प्रदीप पंचोली ने बताया की ग्राम विकास अधिकारियो की विभिन्न मांगो को लेकर सरकार से विभिन्न स्तरों पर 18 माह में तीन बार समझोते हो चुके है।

# मुख्यमंत्री गहलोत ने डूंगरपुर जिले को दी 62.90 करोड़ लागत की 81 किमी. सड़कों की सौगात, आठ सड़कों का वर्चुअल किया शिलान्यास

**डूंगरपुर ।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास करते हुए डूंगरपुर जिले को 62.90 करोड़ की लागत से 81 किलोमीटर सड़कों की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री गहलोत ने संबोधित करते हुए कहा कि सड़कों के कारण दूरस्थ क्षेत्रों तक जुडाव संभव हो पाता है। साथ ही आवागमन सुगमता पूर्वक संभव हो पाता है, ऐसे में सभी संबंधित पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखें। उन्होंने राज्य में 5 सितंबर से 20 अक्टूबर तक चलने वाले सड़क मरम्मत अभियान को अधिकारियों द्वारा पूरी कमांड के साथ चलाने और प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री गहलोत ने राज्य भर में तीन बड़े कार्यों का लोकार्पण तथा 3324 करोड़ के 113 कार्यों की आधारशिला रखी।